>

Title: Need to provide subsidy on export of Grapes to the farmers.

डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी): सभापति महोदय, धन्यवाद। महाराष्ट्र राज्य के मेरे संसदीय क्षेत्र दिन्डोरी तथा नासिक जिले में बड़ी मात्रा में अंगूर का उत्पादन किया जाता है। लगभग 75 प्रतिशत अंगूर दुनिया के कई देशों में जैसे नीदरलैंड, रूस, बांग्लादेश, जमर्नी, यूके और अन्य देशों में निर्यात किए जाते हैं। हमारे द्वारा निर्यात किए जाने वाले अंगूरों की गुणवत्ता दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सबसे अच्छी है और फलों में सबसे ज्यादा निर्यात भी अंगूर का होता है। मैं आभार व्यक्त करती हूं कि हमारी सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने हेतु एमईआईएस योजना के तहत ताजे फल और सब्जियों के एक्सपोर्ट पर सब्सिडी प्रदान की, जो एफओबी मूल्यों पर पांच से सात प्रतिशत थी। यह योजना 31 दिसम्बर, 2020 तक लागू थी। केन्द्र सरकार ने आरओडीटीईपी नामक एक नई योजना लागू की है, लेकिन इस योजना के तहत कितनी सहायता या कितने प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी, यह अभी तय नहीं हुआ है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करती हूं कि बड़ी मात्रा में और गुणवत्तापूर्ण अंगूर का भारत से जो एक्सपोर्ट शुरू हुआ है और जिस तरह रेल द्वारा कृषि उपज पर सब्सिडी दी जा रही है, उसी तरह अंगूर आदि के एक्सपोर्ट पर जल्द से जल्द यह सब्सिडी दी जाए और किसानों को राहत प्रदान की जाए। धन्यवाद।